जिले में बैठकर दूसरे राज्यों और विदेशों तक फैला रहे ठगी का जाल, जादूगोड़ा समेत अन्य ग्रामीण इलाकों तक फैला नेटवर्क

साइबर ठगी का नया ठिकाना बन रहा पूर्वी सिंहभूम

विशेष

जमशेदपुर, कार्यालय संवाददाता। राज्य में साइबर अपराध की पहचान अब तक केवल जामताड़ा से जुड़ी रही है, लेकिन अब पूर्वी सिंहभूम जिला भी साइबर ठगी के नए और बड़े ठिकाने के रूप में तेजी से उभर रहा है।

जमशेदपुर शहर के अलावा जादूगोड़ा, कोवाली, घाटशिला, चाकुलिया और राखामाइंस जैसे ग्रामीण इलाकों में भी इस गिरोह का नेटवर्क फैल चुका है। इन क्षेत्रों से हुई लगातार गिरफ्तारियों से स्पष्ट है कि यह अवैध धंधा अब गांवों तक पैठ बना चुका है। स्थानीय स्तर पर बैठकर साइबर अपराधी देश के विभिन्न राज्यों के अलावा विदेशों में रहने वाले लोगों को भी अपना शिकार बना रहे हैं।

अपराधी गूगल रिव्यू रेटिंग, ऑनलाइन गेमिंग, डिजिटल अरेस्ट, फर्जी निवेश, क्रिप्टोकरेंसी में भारी मुनाफा, नौकरी का झांसा और बैंक खाता अपडेट कराने जैसे नए-नए पैंतरे अपनाकर करोड़ों की ठगी कर रहे हैं। ठगी की अवैध कमाई से कुछ आरोपियों द्वारा जमीन और मकान खरीदने की बात भी सामने आई है, जिसकी पुलिस वित्तीय जांच कर रही है। नेटवर्क का विस्तार करने के लिए बेरोजगार युवकों को कम समय में अमीर बनने का लालच देकर जोड़ा जा रहा है और ट्रेनिंग दी जा रही है। हाल ही में 29 अक्तूबर को बिरसानगर में किराये के मकान से संचालित गिरोह के पांच शातिर पकड़े गए थे। इसके पूर्व राखामाइंस स्टेशन से भी गिरफ्तारियां हो चुकी हैं।

- 2024 से अबतक जिले में 22 साइबर अपराधी गिरफ्तार, 3 सिम विक्रेता भी धराए
- बेरोजगार युवकों को अधिक कमाई का लालच देकर नेटवर्क से जोड़ा जा रहा



गिरोह में नाबालिग भी

- पुलिस ने जिले के अलग-अलग इलाकों से कुछ नाबालिगों को गिरफ्तार किया।
- वर्ष 2024 से अब तक जिले में 22 साइबर अपराधी गिरफ्तार।
- गिरफ्तार आरोपियों में ग्रामीण इलाकों के लोगों की संख्या अधिक।
- जांच में 250 से अधिक संदिग्ध मोबाइल नंबर चिह्नित।
- 90 से अधिक बैंक खाते किए गए फ्रीज।
- सड़क किनारे सिम बेचने वाले कुछ विक्रेता साइबर अपराधियों को सिम मुहैया करा रहे थे।

हाल में हुई गिरफ्तारियां

18 जनवरी 2024 : चाकुलिया पुलिस ने साइबर ठगी के मामले में छह अपराधियों को गिरफ्तार किया।
03 अगस्त 2025 : जादूगोड़ा पुलिस ने राखामाइंस रेलवे स्टेशन से तीन साइबर अपराधियों को पकड़ा।
04 अगस्त 2025 : कोवाली पुलिस ने एक नाबालिग समेत छह साइबर ठगों को गिरफ्तार किया।
15 मार्च 2026 : सीआईडी ने घाटशिला से एक साइबर अपराधी को पकड़ा।
25 मार्च 2026 : दिल्ली पुलिस ने जादूगोड़ा से एक अपराधी को पकड़ा।
30 अक्तूबर 2026 : शहर के बिरसानगर से पांच साइबर अपराधी पकड़े गए।

> साइबर अपराधियों पर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। ग्रामीण क्षेत्र से भी कई साइबर अपराधी पकड़े गए है। साइबर अपराधियों की सूचना मिलने पर तुरंत पुलिस को बताएं। कोई साइबर अपराध का शिकार होता है तो 1930 पर तुरंत शिकायत दर्ज कराएं।
> -डॉ एहतेशाम वकारिब, एसएसपी।

क्रिप्टो वॉलेट से अमेरिका-चीन पहुंच रही रकम

साइबर ठगी के जरिए बैंक खातों में जमा कराई गई रकम को अपराधी अब डिजिटल करेंसी में बदलकर विदेश भेज रहे हैं। पुलिस की जांच में ठगी की रकम को क्रिप्टोकरेंसी के माध्यम से दूसरे देशों तक पहुंचाने के तरीके सामने आए हैं। अपराधी क्रिप्टो वॉलेट और विदेशी डिजिटल करेंसी एक्सचेंज का इस्तेमाल कर रहे हैं।

- जांच में विदेशी डिजिटल वॉलेट और एक्सचेंज के इस्तेमाल का खुलासा
- बैंक खातों से रकम निकालने के बाद डिजिटल करेंसी में बदल रहे

अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन

जांच में अमेरिका और चीन से जुड़े डिजिटल वॉलेट और एक्सचेंज के इस्तेमाल की जानकारी मिली है। इससे साइबर ठगी के नेटवर्क का अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन होने की आशंका बढ़ गई है।

ऐसे होती है हेराफेरी

साइबर ठगी की रकम पहले अलग-अलग बैंक खातों में मंगाई जाती है। अपराधी कमीशन देकर दूसरे लोगों से ये खाते हासिल करते हैं। रकम आते ही उसे छोटे-छोटे हिस्सों में बांटकर कई खातों में भेज दिया जाता है। ऐसे खातों को म्यूल अकाउंट कहा जाता है।

ये भी जानें

- क्रिप्टो वॉलेट के जरिए ठगी की रकम विदेशी एक्सचेंज तक पहुंचाई जाती है।
- डिजिटल करेंसी में बदलने के बाद रकम की आवाजाही का पता लगाना जांच एजेंसियों के लिए चुनौतीपूर्ण।
- अलग-अलग वॉलेट और विदेशी प्लेटफॉर्म के इस्तेमाल से वास्तविक लाभार्थी तक पहुंचना मुश्किल।
- पुलिस संदिग्ध बैंक खातों, मोबाइल नंबरों और डिजिटल वॉलेट की कड़ियां जोड़कर जांच कर रही है।
- जांच में यह पता लगाया जा रहा है कि किन लोगों ने अपने बैंक खाते साइबर अपराधियों को दिए।
- डिजिटल करेंसी में रकम बदलने की प्रक्रिया में शामिल लोगों की भी पहचान की जा रही है।

- जांच एजेंसियों के सामने सबसे बड़ी चुनौती ठगी की रकम के अंतिम ठिकाने का पता लगाना है
- इसके लिए बैंकिंग लेनदेन के साथ क्रिप्टो वॉलेट और एक्सचेंज से जुड़े रिकॉर्ड की भी पड़ताल की जा रही है



म्यूल बैंक खातों में मंगाते हैं रकम

साइबर अपराधी पहले ठगी की रकम म्यूल बैंक खातों में मंगाते हैं। इसके बाद रकम को कई खातों में बांटकर क्रिप्टो एक्सचेंज के जरिए डिजिटल करेंसी में बदलते हैं। फिर अलग-अलग क्रिप्टो वॉलेट के माध्यम से इसे विदेशी वॉलेट में भेज देते हैं। इससे रकम के वास्तविक लाभार्थी और उसके ठिकाने का पता लगाना मुश्किल हो जाता है।

शहर 30S

जमशेदपुर पश्चिम में 98 नई लाइटें लगीं

जमशेदपुर। जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में विधायक सरयू राय की पहल पर विभिन्न इलाकों में 98 नई सोलर और स्ट्रीट लाइटें लगाई गईं। इनमें 87 सोलर लाइटें और 11 स्ट्रीट लाइटें शामिल हैं। इसके अलावा सोनारी में लंबे समय से खराब पड़ी 27 लाइटों की मरम्मत कर उन्हें दोबारा चालू किया गया है। इससे संबंधित मोहल्लों में रात के समय आवागमन और सुरक्षा के लिहाज से रोशनी की व्यवस्था बेहतर होगी। जनसुविधा प्रतिनिधि (स्वास्थ्य) नीरज सिंह ने बताया कि स्थानीय लोगों की मांग और जरूरत के अनुसार अलग-अलग इलाकों में लाइटें लगाई गई हैं।

यातायात व्यवस्था के लिए ट्रैफिक डीएसपी सम्मानित

जमशेदपुर। दुर्गा पूजा केंद्रीय समिति की ओर से सोमवार को ट्रैफिक डीएसपी का अभिनंदन किया गया। दुर्गा पूजा के दौरान शहर में सुदृढ़ यातायात व्यवस्था बनाए रखने और शांतिपूर्ण तरीके से प्रतिमा विसर्जन संपन्न कराने में सराहनीय योगदान के लिए उन्हें सम्मानित किया गया। समिति के प्रतिनिधिमंडल ने उनके कार्यों की सराहना की। मौके पर समिति के महासचिव आशुतोष सिंह, उपाध्यक्ष गौतम प्रसाद, सचिव अभिषेक कुमार, शौरभ सिंह, सतेंद्र कुमार, शिवशंकर कुमार और शंभू मुखी उपस्थित थे।

गर्भवती न करें तंबाकू का सेवन: डॉ. मृत्युंजय

जमशेदपुर। गर्भवती महिलाओं को तंबाकू का सेवन नहीं करना चाहिए। इससे बच्चे के स्वास्थ्य पर असर पड़ेगा। यह बात सिविल सर्जन सभागार में सोमवार को नोडल पदाधिकारी डॉ. मृत्युंजय धाउरिया ने कही। वे राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि तंबाकू सेवन करने से कम उम्र में ही डायबिटीज, कैंसर, हृदयरोग व मानसिक रोग समेत अन्य घातक बीमारियां हो सकती हैं। तंबाकू के सेवन से आर्थिक और सामाजिक समस्या भी उत्पन्न होती है। इसकी जानकारी जिला परामर्शी मौसमी चटर्जी व सामाजिक कार्यकर्ता कुंदन कुमार ने दी।

तेज बुखार से बेहोश होकर गिरा नौवीं का छात्र

घाटशिला। तारामणी स्मारक उच्च विद्यालय काड़ाडूबा स्थित विद्यालय में सोमवार को कक्षा संचालन के दौरान अचानक नौवीं का एक छात्र की तबीयत बिगड़ गई और वह बेहोश होकर गिर पड़ा। छात्र की पहचान सुंदर मार्डी के रूप में हुई है।



प्रधानाध्यापिका हेमलता सिंह एवं अन्य शिक्षकों ने छात्र को अनुमंडल अस्पताल घाटशिला पहुंचाया और मामले की सूचना उसके परिजनों को दी। अस्पताल में जांच के दौरान छात्र को लगभग 104 डिग्री तेज बुखार पाया गया। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. मीरा मुर्मू ने बताया कि छात्र को 104 डिग्री तेज बुखार है। उन्होंने आश्वस्त करते हुए कहा कि घबराने की कोई गंभीर बात नहीं है।

बैंक ऑफ़ इंडिया, आस्ति वसूली विभाग (ARD)
जमशेदपुर क्षेत्र, द्वितीय तल, बैंक ऑफ इंडिया बिल्डिंग, मेन रोड
बिष्टुपुर, जमशेदपुर – 831001
ई-मेल : ARD.Jamshedpur@bankofindia.bank.in

बैंक ऑफ़ इंडिया Bank of India BOI

ई-नीलामी बिक्री सूचना
ई-नीलामी की तिथि : 09.12.2026

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित अधिनियम, 2002 सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पढ़ा जाता है के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना। एतद द्वारा जन साधारण को सामान्यत: एवं ऋणियों, सह-ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेष तौर पर सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न वर्णित बंधक / प्रभारित सम्पत्तियों जो **बैंक ऑफ इंडिया** सुरक्षित ऋणदाता के प्राधिकृत अधिकारी ने सांकेतिक कब्जे में लिया है, इसकी ''ई-नीलामी द्वारा'' जहाँ है, जैसी है, जो कुछ भी है'' के आधार पर **बैंक ऑफ इंडिया** सुरक्षित ऋणदाता की बकाया राशि वसुली के लिए विक्रय करने का निर्णय लिया गया है। सम्पत्तियों का विवरण, आरक्षित मूल्य एवं अग्रधन जमा राशि (EMD) का विवरण नीचे दिया गया है:

क्र. सं.	(ए) सुरक्षित ऋणदाता का नाम एवं पता (बी) ऋणकर्ता / सह-ऋणकर्ता एवं जमानतदार का नाम एवं पता	अचल सम्पत्तियों का विवरण ज्ञात भार के साथ	बकाया राशि	1. आरक्षित मूल्य 2. अग्रधन जमा राशि (EMD) 3. बोली वृद्धि राशि
1.	(ए) बैंक ऑफ इंडिया, जुगसलाई शाखा (बी) श्रीमती चंचल देवी फ्लैट संख्या-डी/2बी, चौथा तल्ला, केसीएस कॉम्पलेक्स, गर्ल्स स्कूल रोड, चौक बाजार, जुगसलाई, जमशेदपुर, जिला-पूर्वी सिंहभूम, पिन-831006	इस प्रॉपर्टी में 910.00 वर्ग फुट का सुपर बिल्ट-अप एरिया है, जिसमें जमीन का 100.00 वर्ग फुट का अविभाजित हिस्सा और कार पार्किंग की जगह शामिल है। यह एक फ्रीहोल्ड आवासीय प्रॉपर्टी है, जिसमें 3 बेडरूम, 1 ड्राइंग-कम-डाइनिंग एरिया, 2 टॉयलेट, 1 बालकनी और 1 किचन है। यह प्रॉपर्टी फ्लैट नंबर डी/28, चौथी मंजिल, केसीएस कॉम्प्लेक्स, गर्ल्स स्कूल रोड, चौक बाजार, जुगसलाई, जमशेदपुर जिला – पूर्वी सिंहभूम, पिन कोड – 831006 में स्थित है। **चौहद्दी: उत्तर में** – कॉमन सीढ़ी, **दक्षिण में** – फ्लैट डी/2ए, **पूर्व में** – कॉमन पैसेज, **पश्चिम में** – खुला आसमान.	रू. 18,91,764.31 (रुपये अठारह लाख इक्यानबे हजार सात सौ चौंसठ एवं पैसे एकतीस मात्र) एवं देय ब्याज तथा बैंक को देय अन्य खर्चे	1. आरक्षित मूल्य रू. 27,12,350.00 2. अग्रधन जमा राशि रू. 2,71,235.00 3. बोली वृद्धि राशि रू. 10,000.00
2.	(ए) बैंक ऑफ इंडिया, घाटशिला शाखा (बी) मेसर्स जैन स्टोर्स मालिक: श्री रोहित कुमार जैन मेन रोड घाटशिला, नुआगांव, घाटशिला, जिला-पूर्वी सिंहभूम, झारखण्ड, पिन – 832303	कुल 56.33 डिसमिल भूमि, जिसमें मोकान सोहन की 17 डिसमिल भूमि में से प्लॉट नंबर 1491 का 8.50 डिसमिल (2.84 डिसमिल + 5.66 डिसमिल) हिस्सा शामिल है जिसमें एक पुराना जर्जर पक्का मकान आदि है, जिसका कुल निर्मित क्षेत्र 1390 वर्ग फुट है तथा गोरा III की 86 डिसमिल भूमि में से प्लॉट नंबर 1490 का 47.83 डिसमिल (28.67 डिसमिल + 19.16 डिसमिल) हिस्सा शामिल है। यह भूमि जिला उप-पंजीयन कार्यालय – घाटशिला, थाना – धालभूमगढ़, मौजा – हरिंधुकरी, सर्वे थाना नंबर 106, हल्का नंबर I, खाता नंबर 261 (जो वर्ष 1964 में अंतिम रूप से प्रकाशित हुआ था) के अंतर्गत आती है। इसका विवरण 03.02.2022 को निष्पादित सेल डीड संख्या 2022/GHA/222/BK1/220 में दिया गया है और यह श्री रोहित कुमार जैन के नाम पर दर्ज है। **चौहद्दी: उत्तर में** – रास्ता, **दक्षिण में** – विक्रेता की अपनी भूमि, **पूर्व में** – प्लॉट नंबर 1492, **पश्चिम में** – रास्ता.	रू. 1,80,44,286.10 (रुपये एक करोड़ अस्सी लाख चौवालीस हजार दो सौ छियासी एवं पैसे दस मात्र) एवं देय ब्याज तथा बैंक को देय अन्य खर्चे	1. आरक्षित मूल्य रू. 1,09,01,000.00 2. अग्रधन जमा राशि रू. 10,90,100.00 3. बोली वृद्धि राशि रू. 10,000.00
3.	(ए) बैंक ऑफ इंडिया, सोनारी शाखा (बी) श्री राजीव कुमार पुत्र अशोक कुमार घोष, होल्डिंग संख्या 03, नेहरू पथ, कुंज नगर, सोनारी, जमशेदपुर, जिला-पूर्वी सिंहभूम, झारखण्ड, पिन – 831012 श्रीमती दिपाली राकेश गुप्ता पत्नी राजीव कुमार, बी-2/109, चड्डा क्रेसेंट बिल्डिंग, सेक्टर-17, वासी, नवी मुम्बई, थाणे, महाराष्ट्रा, पिन – 400703	''माँ अपार्टमेंट'' नामक बहुमंजिला इमारत में दूसरी मंजिल पर स्थित आवासीय फ्लैट नंबर एफ-1, मौजा – छोटा गोविंदपुर, छठ तालाब के पास, थाना – परसुडीह, जमशेदपुर इसका सुपर बिल्ट-अप एरिया 1900 वर्ग फुट है। इसके साथ जमीन का अविभाजित और बिना चिह्नित आनुपातिक हिस्सा 150 वर्ग फुट तथा कार पार्किंग की जगह भी शामिल है। यह विवरण सेल डीड नंबर 481/2014 दिनांक 06.02.2014 के अनुसार है। **चौहद्दी: उत्तर में** – दुर्गा मंदिर, **दक्षिण में** – सड़क, **पूर्व में** – गौरांग गोप, **पश्चिम में** – फ्लैट नंबर एफ-2.	रू. 38,64,209.00 (रुपये अड़तीस लाख चौंसठ हजार दो सौ नौ मात्र) एवं देय ब्याज तथा बैंक को देय अन्य खर्चे	1. आरक्षित मूल्य रू. 35,85,300.00 2. अग्रधन जमा राशि रू. 3,58,530.00 3. बोली वृद्धि राशि रू. 10,000.00

नीलामी ऑनलाइन पोर्टल https://www.baanknet.com के माध्यम से होगी
ई-नीलामी की तिथि और समय : दिनांक 09.12.2026, समय : सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक 10 मिनट असीमित समय विस्तार के साथ
ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि : दिनांक 08.12.2026, शाम 5:00 बजे तक, संपत्ति निरीक्षण की तिथि और समय : शाखा अधिकारियों से परामर्श लेने के बाद दिनांक 08.12.2026 को या उससे पहले

नियम एवं शर्तें : 1. बिक्री की विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया बैंक ऑफ इंडिया की वेबसाइट पर दिए गए लिंक https://www.bankofindia.bank.in और https://www.baanknet.com को देखें। **2.** सफल बोलीदाता को बिक्री राशि का 25% राशि (EMD जमा राशि को जोड़कर) तुरंत उसके पक्ष में बिक्री स्वीकृत होने पर जमा करना होगा। शेष 75% राशि 15 दिनों के अंदर जमा करनी होगी, अगर इस दौरान वह राशि जमा करने में असमर्थ होता है तो बिक्री रद्द हो जायेगी और उसके द्वारा जमा राशि जब्त कर ली जायेगी। अधिक जानकारी के लिए कृपया उल्लेखित शाखा से सम्पर्क करें : **श्री सुरज अग्रवाल** – मोबाईल नंबर 7803005538 या **श्री संजय कुमार मग** – मोबाईल नंबर 8809828232 या **श्री सत्य प्रकाश** – मोबाईल नंबर 9973066728 या **श्री संजय कुमार** – मोबाईल नंबर 9031201520.

नोट : यह ऋणी और जमानतदारों के लिए भी एक सूचना है।

दिनांक : 31.10.2026 एवं 02.11.2026
स्थान : जमशेदपुर
नोट : त्रुटि / विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ्य मान्य होगा।
ह०/- प्राधिकृत अधिकारी
बैंक ऑफ इंडिया

'आईडीबीआई का निजीकरण रद्द किया जाए'

बिष्टूपुर

जमशेदपुर, प्रमुख संवाददाता। आईडीबीआई बैंक के प्रस्तावित निजीकरण के खिलाफ बैंक कर्मचारियों का विरोध तेज हो गया है। इसी क्रम में बिष्टुपुर स्थित आईडीबीआई बैंक शाखा में कर्मचारियों ने दो दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया और केंद्र सरकार के फैसले का विरोध जताया। कर्मचारियों ने कनाडा की निजी निवेशक कंपनी फेयरफैक्स को बैंक की हिस्सेदारी बेचने का प्रस्ताव रद्द करने की मांग की।

कर्मचारियों का कहना है कि जिस बैंक को उन्होंने आर्थिक संकट से निकालकर रिकॉर्ड मुनाफे तक पहुंचाया, उसका नियंत्रण निजी हाथों में सौंपने की तैयारी हो रही है। वित्त वर्ष 2025-26 में बैंक ने 9513 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया है। सितंबर 2018 में बैंक का सकल एनपीए 31.78 प्रतिशत था, जो मार्च 2026 में घटकर 2.32 प्रतिशत रह गया है। प्रस्तावित योजना के तहत केंद्र सरकार और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की कुल 60.72 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने की तैयारी है। कर्मचारियों को नौकरी, वेतन, पेंशन और सामाजिक सुरक्षा प्रभावित होने की आशंका है।

तपन मुर्मू, राकेश मल्होत्रा, अमित कुमार, प्रभात कंसवार और प्रभात कुमार समेत अधिकारियों ने विरोध जताया। कर्मचारियों ने दो और तीन नवंबर को देशव्यापी भूख हड़ताल का आह्वान किया है। उनकी मांग है कि बैंक में सरकारी और एलआईसी की संयुक्त हिस्सेदारी कम से कम 51 प्रतिशत बरकरार रखी जाए।



- फेयरफैक्स को हिस्सेदारी बेचने का प्रस्ताव वापस लेने की मांग
- दो से देशव्यापी भूख हड़ताल का आह्वान

अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते बैंककर्मी।

इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज़्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम – नवरत्न)
सीआईएन : L74899DL1999GOI101707

आईआरसीटीसी भारतीय रेलवे की विभिन्न ट्रेनों में ऑनबोर्ड कैटरिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए सीमित ई-निविदाओं में भाग लेने हेतु एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (इओआईएस-2027) **31.12.2027** तक आमंत्रित करता है। एम्पैनलमेंट एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है, जो GeM पोर्टल पर अपलोड करने की तारीख से लेकर खुलने की तारीख तक जारी रहेगी। **EOI प्रत्येक माह की 05 तारीख** को बंद होगी और **प्रत्येक माह की 06 तारीख** को खोली जाएगी।

अधिक जानकारी के लिए आईआरसीटीसी की वेबसाइट **www.irctc.com** का अवलोकन करें, आवेदन केवल **https://gem.gov.in** पर ऑनलाइन ही जमा किए जा सकते हैं।

उपर्युक्त विज्ञापन के संबंध में जारी कोई भी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट केवल आईआरसीटीसी की वेबसाइट **www.irctc.com** और **https://gem.gov.in** पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

जीजीएम/पी एण्ड टी, तीसरा तल, टॉवर-डी, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली-110029 ई-मेल: ggmprocurement@irctc.com, tendercellco@irctc.com किसी भी प्रकार के स्पष्टीकरण के लिए कृपया 8287930467 और 8287930184 पर संपर्क करें।



घाटशिला में आयोजित मिर्गी जांच शिविर में पहुंचे एएसी, सीएस, डीसी व अन्य।

घाटशिला में मिर्गी के 240 मरीजों की जांच, 197 का फॉलोअप

जमशेदपुर, मुख्य संवाददाता। मिर्गी से पीड़ित मरीजों को नियमित उपचार और बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन की ओर से अनुमंडल अस्पताल, घाटशिला में जांच एवं फॉलोअप शिविर आयोजित किया गया। शिविर में पहले से पंजीकृत 197 मरीजों का फॉलोअप किया गया, जबकि 43 नए मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श और उपचार संबंधी जानकारी दी गई।

जिला प्रशासन की इस पहल का अवलोकन करने भारत सरकार के अपर सचिव आईएएस राहुल शर्मा भी पहुंचे। उन्होंने मरीजों से बातचीत कर नियमित दवा की उपलब्धता, चिकित्सकीय परामर्श और फॉलोअप व्यवस्था की जानकारी ली। मरीजों ने बताया कि उन्हें प्रशासन की ओर से निःशुल्क दवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं और हर महीने फॉलोअप शिविर आयोजित होने से नियमित उपचार में सुविधा मिलती है।

मौके पर उपायुक्त राजीव रंजन ने बताया कि पहल का उद्देश्य मिर्गी मरीजों की पहचान, समय पर इलाज, नियमित दवा और निरंतर चिकित्सकीय निगरानी सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि मरीजों को सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। शिविर में सिविल सर्जन डॉ. साहिर पॉल, विशेषज्ञ चिकित्सक, अस्पताल प्रभारी और स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

झारखण्ड ग्रामीण बैंक
JHARKHAND GRAMIN BANK
Scheduled Bank Owned by Government
प्रधान कार्यालय :- तृतीय तल, जिला परिषद मार्केट कॉम्प्लेक्स, कचहरी रोड, राँची, झारखण्ड – 834001

वित्तीय साक्षरता सामग्री की आपूर्ति और छपाई

झारखण्ड ग्रामीण बैंक, प्रधान कार्यालय, राँची, झारखण्ड प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर वित्तीय साक्षरता सामग्री की आपूर्ति और छपाई के लिए निविदा आमंत्रित करता है।
विस्तृत जानकारी बैंक के वेबसाइट **www.jrgbank.bank.in** पर दिनांक **02.11.2026** से **23.11.2026** तक उपलब्ध है।
महाप्रबंधक

न्यायालय अपर जिला जज प्रथम, सहरसा।
टाईटिल अपील- 22/2018
उमाकान्त झा..... अपीलकर्त्ता
बनाम
परशुराम मिश्रा वोगेरह..... रेस्पोण्डेन्ट
-: नोटिस बनाम रेस्पोण्डेन्ट :-
3. सविता देवी पति स्व. चतुरानन्द मिश्र 3(क) राजेश कुमार मिश्रा 3(ख) राजीव कुमार मिश्रा 3(ग) वेवी मिश्रा 3(घ) नीतू मिश्रा चारों पिता स्व. चतुरानन्द मिश्र, पता- ए.टी.एफ. 11/11 मुसावती न. 3 थाना मुसावती मौसावानी साईस पूर्वी सिंहभूम (झारखंड) 3(ङ) संजीव मिश्रा पिता स्व. चतुरानन्द मिश्र पता 101 एरिया मारिफालम विशाखापट्टनम... रेस्पोण्डेन्ट
चूं अपीलकर्त्ता ने आपलोगों के खिलाफ उक्त वाद इस न्यायालय में दायर किया है। जिससे संबंधित नोटिस सम्मन वजरिये नजारत एवं निबंधित डाक से भेजा गया है। बावजूद आपलोग आज तक उपस्थित नहीं हुए। जिस वजह से वजरिये इस प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि दिनांक 27.11.2026 को 10.30 बजे दिन में न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर मुकदमा में उचित पैरवी करें। वरना गैर हाजिरी में आपलोगों के खिलाफ एकपक्षीय कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इसे अति आवश्यक समझे।
अपर जिला जज प्रथम, सहरसा।

शैक्षणिक भ्रमण को 40 छात्र भुवनेश्वर रवाना

बहरागोड़ा। पीएम श्री प्लस टू उच्च विद्यालय खांडामौदा के 40 छात्र-छात्राओं का दल सोमवार को शैक्षणिक भ्रमण के लिए भुवनेश्वर रवाना हुआ।

स्कूल के प्रधानाध्यापक कमल पडीहरि ने बताया कि इस शैक्षणिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना तथा विभिन्न शैक्षणिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक स्थलों की जानकारी से अवगत कराना है।

हिन्दुस्तान भरोसा नए हिन्दुस्तान का



हिन्दुस्तान ओलंपियाड से जुड़े किसी भी सवाल के लिए 9086741825 पर 'Hi' लिख कर WhatsApp करें।

LiveHindustan.com/Olympiad | HindustanOlympiadOfficial | @hindustanolympiadofficial | @HindustanOlympiadOfficial

Associate Sponsor:
Union Bank of India
Good people to bank with